## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **पाकिस्तान ने तीन घंटे में ही तोड़ा संघर्ष विराम; ड्रोन और मोर्टार से किया हमला, केंद्र सरकार ने सेना को दिए सख्त कदम उठाने के निर्देश।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक, आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अफवाहों पर कड़ी नजर रखने के दिए आदेश, कहा– हर जिले में सक्रिय करें कंट्रोल रूम।**
3. **कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों से उन्नत कृषि के सहारे खेती करते हुए दूसरों को रोजगार देने की अपील की, कहा – अब एक एकड़ जमीन में हो रहा एक लाख रुपये तक का मुनाफा।**
4. **बढ़ती गर्मी के बीच राज्य सरकार ने राज्य भर में ख़राब पड़े 74 हजार पांच सौ चापानलों को युद्ध स्तर पर ठीक करने के दिए निर्देश, जारी किये गए 259 करोड़ रुपये।**
5. **राज्य में समय से पांच दिन पहले आएगा मॉनसून, रांची समेत पांच जिलों में आज तेज हवा के साथ बारिश की संभावना; देवघर, गोड्डा और दुमका समेत छह जिलों में लू चलने की चेतावनी**

*****************

युद्ध विराम पर कल सहमति बनने के तीन घंटे के बाद ही पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और मोर्टार दागे गए हैं। इसके बाद जम्मू और कश्मीर समेत अन्य सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इधर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन का भारतीय सेना समुचित और उचित जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाये और अफवाह फ़ैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। श्री सोरेन ने कल रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में राज्य में हर हाल में शांति व्यवस्था बनाये रखने और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धतता सुनुश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मॉक ड्रिल की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

*****************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य के किसानों से खुद की जमीन पर उन्नत कृषि के सहारे अन्य लोगों को रोजगार देने की अपील की है। मंत्री ने रांची में एक कृषि कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले एक एकड़ में किसानों को 25 हजार रुपये का मुनाफा होता था जो अब बढ़कर एक लाख रुपये तक पहुँच गया है।

*****************

राज्य सरकार ने राज्य भर में ख़राब पड़े 74 हजार पांच सौ चापानल को युद्ध स्तर पर ठीक करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए सरकार ने 259 करोड़ रुपये जारी किये हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि राज्य में पड़ रही गर्मी को देखते हुए सभी जिले के उपायुक्तों को जल्द से जल्द इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

*****************

सिमडेगा जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के दौरान 28 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया। और अधिक जानकारी दे रहे हैं

*****************

धनबाद जिले में 231 नव नियुक्त चौकीदारों की 60 दिनों की ट्रेनिंग पूरी हो गयी है। इस मौके पर जिले के उपायुक्त माधवी मिश्रा ने इन्हें कर्तव्य की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने बताया कि ये सभी चौकीदार अंचलो में योगदान देंगे और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्धो की सूचनाएं संकलन करने में पुलिस को मदद मिलेगी।

******************

आज मदर्स डे है। यह परिवार में माँ के सम्मान में मनाया जाने वाला उत्सव है। यह दिन मातृत्व, मातृ बंधन और समाज में माताओं के प्रभाव को भी दर्शाता है। मदर्स डे के अवसर पर मां के त्याग और उनके महत्त्व को याद करते हुए रांची समेत राज्य के कई अन्य जगहों विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

******************

इस वर्ष जून के पहले सप्ताह में ही मॉनसून झारखण्ड में प्रवेश कर सकता है। मौसम विभाग ने अनुसार, मॉनसून का प्रवेश समय से पांच दिन पहले होने की संभावना है। इधर, आज दिन भर राजधानी रांची समेत लातेहार, लोहरदगा, खूंटी, सरायकेला, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है। हालाँकि, रांची समेत आसपास के जिलों में कल रात से ही बारिश और हवा चलने से मौसम सुहावना हो गया है। दूसरी ओर, मौसम विभाग ने बताया है कि देवघर, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज में आज लू

******************

## और अब कुछ खेल  की खबरें

- देवघर में खेले जा रहे झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन अंतर जिला महिला अंडर 23  टी–20  क्रिकेट प्रतियोगिता में रांची ने गुमला को कल 254 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया।
- स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड के तत्वावधान में कराटे चैंपियनशिप के पहले दिन कल 7 वर्ष से 11 वर्ष के बालक एवम् बालिकाएं कराटे प्लेयर्स के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स, अंडर 18 थांग–ता में भाग लेने के लिए सात सदस्यीय टीम धनबाद से गया पहुँच चुकी है। वहीं, पटना में आज से 14 मई तक आयोजित एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए 13 सदस्यीय टीम रांची से पटना के लिए रवाना हुई।

******************

## और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने पाकिस्तान के द्वारा किये गये युद्ध विराम उल्लंघन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है–** शाम को युद्ध विराम, रात में हमले।

**दैनिक जागरण लिखता है–** ऑपरेशन सिंदुर रोकने से पहले पाक के छह एयरबेस और एयर डिफेंस पर जोरदार हमला।

**हिन्दुस्तान की सुर्खी है–** झारखंड में कर्मचारी चयन आयोग के अभ्यर्थियों से बीस बीस लाख रुपये में प्रश्न पत्र का हुआ था सौदा।

**प्रभात खबर ने–** सारंडा में सक्रिय 12 नक्सलियों के द्वारा आत्मसमर्पन किये जाने की तैयारी से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*****समाप्त*******